24.06.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का किया शुभारंभ।
- वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर जबलपुर में हुआ विशेष कार्यक्रम। राज्यपाल–मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि।
- प्रदेश में अगले 48 घंटों में मानसून की दस्तक के आसार। आज शाम राजधानी भोपाल सहित आसपास के जिलों में तेज बारिश।

राष्ट्रीय राजमार्ग–अवैध

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि यह कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार की जा रही है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिक सुरक्षित, सुगम और यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाना है। मंत्रालय के अनुसार, प्राधिकरण ने विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग के 595 संवेदनशील स्थानों की पहचान की है।

शाह–एनसीबी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को नई दिल्ली में नार्को–कोऑर्डिनेशन सेंटर की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। गृह मंत्रालय ने आज बताया कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो– एनसीबी द्वारा आयोजित इस बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और मादक पदार्थों से संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग से निपटने के प्रयासों की समीक्षा करने के लिए एक साथ आएंगे।

गोयल–अमरीकी प्रतिनिधिमंडल

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज सुबह अमरीकी व्यापार प्रतिनिधि राजदूत जैमीसन ग्रीर और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठकें की। श्री गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्होंने भारत–अमरीकी व्यापार वार्ता की प्रगति की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने के अवसरों की खोज की। उन्होंने राजदूत ग्रीर के नेतृत्व और दोनों दलों के रचनात्मक और प्रगतिशील तरीके से वार्ता को आगे बढ़ाने के निरंतर प्रयासों की भी सराहना की।

सेफ क्लिक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के रवींद्र भवन में राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ किया। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित इस विशेष अभियान का मुख्य नारा रुकें, सोचें, और फिर क्लिक करें रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने साइबर जागरूकता बुकलेट और वीडियो का विमोचन भी किया। साथ ही पूरे प्रदेश में सतर्कता का संदेश फैलाने के लिए साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रदेशव्यापी साइबर जन–जागरूकता 15 दिवसीय अभियान 8 जुलाई तक चलेगा। सुरक्षित डिजिटल व्यवहार इसका प्राथमिक उद्देश्य  है। इसके तहत आम जनता, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को साइबर ठगी एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति जागरूक किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस

अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर 27 जून को सशक्त उद्यमी समृद्ध मध्यप्रदेश समिट राजधानी भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित किया जाएगा। समिट में तीन विशेष सत्र होंगे। दो हजार से अधिक प्रतिभागियों वाले इस समिट में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव शामिल होंगे। उद्योग आयुक्त दिलीप कुमार ने आज बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस समिट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप और मुख्य सचिव अनुराग जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उद्योग आयुक्त दिलीप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भूमि आवंटन, भूमिपूजन, लोकार्पण तथा एमएसएमई, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार लाभार्थियों को चेक प्रदान करेंगे। समिट में खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र एवं परिधान तथा अभियांत्रिकी क्षेत्रों के एमएसएमई के लिए बायर–सेलर मीट आयोजित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एमएसएमई प्रदर्शनी एवं ईज ऑफ डूइंग क्लिनिक का उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी में लगभग 50 स्टॉल होंगे।

राज्यपाल–समीक्षा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज लोक भवन में जनजातीय विकास कार्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का मूल्यांकन मुख्यतः तकनीकी विषय है, इसलिए हितग्राहियों की प्रतिक्रिया पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। निर्माण सामग्री एवं कार्य की गुणवत्ता की निगरानी के मानक मापदंड निर्धारित किए जाएं। राज्यपाल  पटेल ने प्रदेश में सिकल सेल उन्मूलन अभियान के तीव्र गति से क्रियान्वयन पर हर्ष व्यक्त किया। बैठक में राज्यपाल को पीएम–जनमन योजना अंतर्गत 9 विभागों की 11 अधोसंरचनात्मक, 7 हितग्राही मूलक योजनाओं और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 17 विभागों की 25 योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री–रानी दुर्गावती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आज जबलपुर के नरई नाला में उनकी समाधि स्थल पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने रानी दुर्गावती का स्मरण करते हुए कहा कि प्रदेशवासी रानी दुर्गावती के बलिदान को सदैव याद रखेंगे।

इससे पहले राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने राजधानी भोपाल में लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में रानी दुर्गावाती के चित्रपवर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं, केंद्रीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि रानी दुर्गावती एक वीर रानी और नारी शक्ति का प्रतीक थी। जिन्होंने संप्रभुता और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए मुगल आक्रमणकारियों के खिलाफ वीरतापूर्ण संघर्ष में अपने प्राणों का बलिदान दिया।

## मध्यप्रदेश कॉन्क्लेव–मुख्यमंत्री

प्रदेश को विकास के पथ पर तेजी से आगे ले जाने और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ राजधानी भोपाल में विकसित मध्यप्रदेश विषय पर उच्च स्तरीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार मध्य प्रदेश के समग्र और समावेशी विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार के विकसित भारत–2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए, मध्य प्रदेश ने भी अपनी दीर्घकालिक विकास योजनाओं पर काम शुरू कर दिया है।

## मौसम

प्रदेश में अगले 48 घंटों में मानसून के दस्तक देने के आसार है। राजधानी भोपाल समेत आसपास के जिलों में आज शाम अचानक बादल घिरने के साथ ही तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मानसून की दस्तक बालाघाट, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के रास्ते होने के आसार हैं।वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान नर्मदापुरम, इन्दौर,उज्जैन और जबलपुर संभागों के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं बारिश हुई।

## ओपन सुपर 300 बैडमिंटन

यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला डबल्स में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय जोड़ी ने स्पेन की पाउला लोपेज़ और लूसिया रोड्रिगेज़ को हराया। प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला जापान की सुमिरे नाकाडे और मियू ताकाहाशी से होगा।

## संक्षिप्त समाचार

- कटनी निगम कार्यालय में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 30 जून तक विशेष लोक कल्याण मेला आयोजित किया जा रहा है।
- आगरमालवा जिले में 28 जून से 30 जून 2026 तक तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान किया जा रहा है।
- खण्डवा- शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 25 से 30 जून 2026 रक्तदान शिविर लगाये जा रहे हैं।

- झाबुआ के शासकीय शहीद चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय, में 01 जुलाई को जिला स्तरीय युवा संगम आयोजित होगा।
- शिवपुरी जिले में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।
- नीमच शासकीय आई.टी.आई.रामपुरा में आज जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- भारतीय स्टेट बैंक की एसीबी शाखा सीहोर ने एसबीआई स्मार्ट एग्री कस्टमर्स मीट आयोजित की। करीब 75 प्रगतिशील किसान और कृषि उद्यमी शामिल हुए ।

--------------------